City of Mississauga
300 City Centre Drive
Mississauga, ON L5B 3C1

News Release

mississauga.ca facebook.com/citymississauga twitter.com/citymississauga

इस दीवाली सुरक्षित रूप से जशन मनाएं: नियमों का पालन करें और सुरक्षित रूप से पटाखे चलाएं

यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि दीवाली हर किसी के लिए मजेदार और सुरक्षित है।

दीवाली, जिसे अकसर रोशनियों का त्यौहार कहा जाता है, आने वाली है और पूरे Mississauga में परिवार अपने-अपने जशन की तैयारी कर रहे है। एक छुट्टी के तौर पर, जो बुराई पर जीत का प्रतीक है, जशनों में अकसर रंग-बिरंगी लाइटें, मोमबत्तियां जलाना, लालटेनें, भोजन और पटाखे शामिल होते हैं।

चूंकि छुट्टी की तैयारी चल रही है, City of Mississauga, निवासियों को याद दिलाती है कि सुरक्षा को प्राथमिकता दें और अच्छे पड़ोसी बनें, ताकि जशन, हर किसी के लिए सुरक्षित और आनंददायक हो।

पटाखे

सिटी के Fireworks By-law के मुताबिक, दीवाली के fireworks चलाने की अनुमति, शुक्रवार, 1 नवंबर को रात 11 बजे तक, केवल आपकी प्राइवेट प्रॉपर्टी पर घर में ही है। पब्लिक स्ट्रीट या पार्क में, या 1 नवंबर के अलावा किसी और दिन पटाखे चलाने के लिए, आपको सिटी से परमिट लेना होगा।

पटाखे चलाते समय:

- प्रत्येक आइटम पर निर्देशों, सावधानियों और चेतावनियों को अच्छी तरह पढ़ें और समझें।
- सुनिश्चित करें कि पटाखे देखने वाले और पैदल चलने वाले सभी लोग, डिस्पले से सुरक्षित दूरी पर हों।
- बच्चों की हर समय निगरानी रखनी चाहिए।
- चलाए गए या न चलाए गए पटाखों के निपटान के लिए, पटाखों को पूरी तरह पानी में डुबो दें और उनको रातभर भिगोकर रखें।

छुट्टियों के दौरान जहां पटाखे चलने की संभावना हो, सिटी ड्यूटी पर एन्फोर्समेंट्स की संख्या बढ़ाती है, ताकि अधिक गश्ते हों, शिकायतों के लिए प्रतिक्रिया समय में सुधार हो और यह सुनिश्चित बनाने में मदद मिल सके कि जशन सुरक्षित हैं। एन्फोर्समेंट अफसर, उन जगहों पर पील पुलिस (Peel Police) की सहायता के लिए मौजूद रहेंगे, जहां पटाखों का गैर-कानूनी प्रयोग, बीते समय में समस्या रहा है।

पटाखों के गैर-कानूनी प्रयोग के बारे में शिकायत प्रस्तुत करने के लिए, mississauga.ca/fireworks पर जाएं या 311 पर फोन करें। कृपया पटाखों संबंधी शिकायतों के लिए, 911 पर फोन न करें, जब तक कि पटाखों के परिणामस्वरूप कोई घायल न हो या तुरंत आग लगने का जोखिम न हो।

News Release

City of Mississauga
300 City Centre Drive
Mississauga, ON L5B 3C1

MISSISSAUGA

mississauga.ca facebook.com/citymississauga twitter.com/citymississauga

आग से सुरक्षा

लाइटें और सजावटें

सजावट का सामान लगाने और उसका आनंद लेते समय, आग से सुरक्षा को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। दिए और मोमबत्तियां, ताप बर्दाशत करने वाली सतह पर मजबूत होल्डर में मजबूती से रखी जानी आवश्यक हैं और वे हमेशा किसी वयस्क की निगरानी में होनी चाहिएं। याद रखें कि उनकी लौ, पर्दों, फर्नीचर, सजावटों और ढीले कपड़ों से सुरक्षित दूरी पर हो और बच्चे तथा पालतू जानवर, ताप के सभी स्रोतों और लौ से दूर हों। छोटे कमरों में खुली लौ वाली चीजों के लिए पर्याप्त जगह नहीं होती।

भोजन पकाने और रसोई संबंधी सुरक्षा

दीवाली, जशन मनाने और दोस्तों तथा परिवार के साथ इकट्ठे होने का समय होता है – अकसर डिनर टेबल या रसोई में। भोजन पकाते समय, आग से सुरक्षा का ध्यान रखें:

- अपना ध्यान न हटने दें। यदि रसोई में से जाना आवश्यक हो, तो सुनिश्चित करें कि गर्म उपकरण बंद हैं।
- तौलियों और कपड़ों को, स्टोवटॉप से दूर रखें।
- अपने गैराज में कभी भी भोजन न पकाएं या बारबेक्यू न करें।
- गैस से चलने वाले, भोजन पकाने के पोर्टेबल उपकरण, प्रयोग के लिए अपने घर में न लेकर आएं।
- तेल के साथ तलते हुए या भोजन पकाते समय सावधान रहें। गर्म तेल को आसानी से आग लग सकती है। थर्मोस्टेट-नियंत्रित डीप-फैट फ्रायर का प्रयोग करें, जो यह सुनिश्चित करेगा कि चर्बी बहुत ज्यादा गर्म न हो।

छुट्टी की योजना बनाते समय, सुरक्षा को अपनी योजनाओं का हिस्सा बनाएं, पटाखे चलाने से पहले अपने परिवार और दोस्तों से बात करें और नाजुक लोगों को सुरक्षित रखें।

इस बारे में अधिक सुझावों के लिए सिटी का fire prevention web page देखें कि आग की रोकथाम कैसे करनी है और Mississauga में पटाखे चलाने के बारे में और पटाखों के गैर-कानूनी प्रयोग की रिपोर्ट करने की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए, mississauga.ca/fireworks पर जाएं।